



# हितग्राही को मिले शासकीय योजनाओं का लाभ : सिंह

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शासन द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर, बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव, जिला अधिअकारी उपस्थित रहे। साथ ही समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगरीय निकाय गूगल मीट से जुड़कर बैठक में भाग लिया।




बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सभी विभाग बेहतर तरीके से करें। साथ ही योजनाओं की विस्तृत जानकारी विभागों द्वारा अपडेट कर पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि कलेक्टर /कमिश्नर कांफ्रेंस के बिंदुओं पर सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागों द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य एवं मरम्मत कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिग में सुधार लाये जाने तथा समाधान के विषयों पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कॉलेज एवं स्कूलों में पात्र छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति का सत्यापन कराया जाएं। विभागों द्वारा जीआईएस मैपिंग हेतु जानकारी उपलब्ध् कराई जाएं जिससे अद्योसंरचना विकास प्लानिंग में मदद मिल सकें। उन्होने आयुक्त ग्वालियर संभाग के प्रस्तावित भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। विभागीय योजनावार बजट आवंटन एवं लक्ष्य अनुरूप उपयोगिता के संबंध में निर्देशित किया गया। उन्होंने अधिकारियों के द्वारा किये गए निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गए। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास तथा निर्माणकार्यो के संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने पीएम आवार्ड के तहत योजनाओं के जानकारी भरे जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली तथा जनसमुदाय की सेवाओं को परिणाम मूलक एवं प्रभावी बनाने के लिए जिला अधिकारी विभागीय समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करें।

# सड़क से उतरी स्लीपर बस, टला हादसा

**कार को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा**

**प्रयागराज के लिए निकली थी यात्री बस**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। ईसागढ़ रोड हादसों का रोड़ बनता जा रहा है, एक बीते दिनों इस रोड़ पर एक बस में अचानक से आग लग गई, तो वहीं सोमवार की शाम एक बस अंनियत्रित होकर सड़क से उतर गई, इस दौरान गनीमत रहीं कि बस में बैठे लोगों को कोई चोट नहीं आई, नहीं एक बड़ा हादसा हो सकता था।**




दरअसल सोमवार शाम अशोकनगर-ईसागढ़ रोड पर कल्पना ट्रेवल्स की स्लीपर बस ग्राम तरावली के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। यह बस गुना से प्रयागराज के लिए जा रही थी। हादसे के दौरान बस में एक दर्जन लोग सवार थे, जिन्हें हादसे के बाद सुरिक्षत बाहर निकाला गया। तो वहीं बस के सड़क से उतारने के बाद लोगों द्वारा बस की वीडियों बनाना शुरू कर दिया और इसे एक और हादसे से जोड़ने लगे। जानकारी के मुताबिक बस चालक ने बताया कि जैसे ही गाड़ी संकट मोचन मंदिर से आगे निकली तो अचानक एक कार सामने आ गई। जिसके बचाने के कारण बस सड़क से उतर गई, क्योंकि बारिश के कारण मिट्टी की सड़क पर फिसलन थी। घटना के बाद जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंचे बस से संबधित लोगों द्वारा जेसीबी की मदद से बस को सड़क पर लाया गया और निरीक्षण करने के बाद उसे प्रयागराज के लिए रवाना किया गया।

**एक नजर में**

### कुलदेवता का शाढ़ौरा का जैन समाज करेगा अभिषेक

**शाढ़ौरा।** जैन समाज के भक्त अब सप्ताह के प्रेत्यक गुरुवार को पूज्य श्री सुधासागर जी की प्रेरणा वा आशीर्वाद से जिले के कुलदेवता खड़े बाबा आदिनाथ भगवान के मस्तिकाअभिषेक के लिए जाया करेंगे। पूज्य श्री का सदैव कहना है की प्राचीन सिद्ध व अतिशय क्षेत्र जहां पर समाज नहीं रहती वहां की निकटवर्ती जैन समाज को प्रतिदिन पूजन वा अभिषेक के लिए जाना चाहिये। वहीं वहां का गंदोदक अपने नगर एवं घर में लाना चाहिये, वेतन देकर कर्मचारी से पूजन, अभिषेक कभी नहीं करवाना चाहिये, इससे निकटवर्ती समाज पर कुप्रभाव पड़ता है वा समाज की उन्नति नहीं होती इसलिए जिले की सभी समाज थूबोन जी में प्रति दिन अभिषेक करने जाती है। इसी क्रम में अब शाढ़ौरा जैन समाज भी पूज्य श्री की प्रेरणा वा आर्शीवाद से गुरुवार को थूबोनजी जाया करेंगे, इसका शुरूआत तीर्थचक्रवर्ती सुधासागरजी के करकमलो से 30 अक्टूबर गुरुवार को अशोकनगर में होगा, इसके लिए शाढ़ौरा से लगभग आधा सैंकड़ा लोग अभिषेक के लिए उद्धघाटन उत्सव में शामिल रहेंगे।

### पीएम आवास मेला-शहरी कल

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक के व्यक्तियों को प्रदाय करने हेतु शासन द्वारा 4 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक अंगीकार-2025 अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी के तहत माधव भवन अशोकनगर में 28 अक्टूंबर को दोपहर एक बजे से पीएम आवास मेला-शहरी का आयोजन किया गया है।

# स्वास्थ्य योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर हो

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित, दिए गए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले यह सुनिश्चित किया जाएं। साथ ही स्वास्थ्य योजनाओं का क्रियान्वियन धरातल स्तर किया जाएं। ये निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिये।



बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाए। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने हेतु विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यानुरूप आयुष्मान कार्ड बनाये जाएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की पोर्टल पर पंजीयन हेतु आवश्यक ईकेवायसी तथा डीबीटी पूर्ण करने के निर्देश दिये, जिससे शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वियन हेतु सभी बीएमओ अपने-अपने क्षेत्र का प्लान तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत किये गये प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिशु टीकाकरण के कार्य हेतु मोबाईल टीमों का गठन किये जाने के निर्देश दिए। पोषण पुर्नवास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों की भर्ती एवं निगरानी की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एनसीडी पोर्टल की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि समस्त ब्लॉक ज्यादा से ज्यादा स्क्रीनिंग करें, जिस हेतु पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाये। टीबी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान विभागीय रिसोर्स को प्रशिक्षित करने की कार्यवाही की जाये, जिससे टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शत-प्रतिशत कार्य किया जा सके।

बैठक में राष्ट्री य बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, निक्षय पोषण वितरण, सिकल सेल तथा स्वास्थ्य केन्द्रों के नवीन भवनों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को दो घंटे में किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग को दो घंटे में दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। दरअसल बालिका घर में झगड़ा होने के कारण बस के माध्यम से इंदौर जा रहीं थी, जिसे पुलिस ने रूठियाई पर उतरवा लिया गया और उसे परिवार के सुपुर्द कर दिया।

उल्लेखनीय है कि 25 अक्टूंबर को कोतवाली क्षेत्र के छेघरा निवासी 15 वर्षीय बालिका जो शाम 5 बजे अपने घर से बिना बताए कही चली गई थी, जिसकी हर जगह तलाश करने पर भी कोई पता नहीं चलने पर बालिका के परिजनों द्वारा थाना कोतवाली में रात्रि के लगभग 11.00 बजे सूचना दी गई । जिस पर त्वरित कार्यवाही कर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप चौहान द्वारा टीम गठित कर रवाना किया गया, जिनको खोजबीन पर मुखविर से सूचना प्राप्त हुई की उक्त हुलिया की बालिका इंदौर तरफ जाने वाली बालाजी बस में बैठी हुई देखी गई है, जिस पर से वाहन मालिक तथा कंडक्टर से संपर्क कर संबंधित बस का पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उक्त बालिका को रुठियाई पुलिस की सहायता से रूठियाई गुना से सुरक्षित दस्तयाब किया गया।




### जिला स्तरीय सर्तकता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 नियम 17(3) के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिनियम अधीन जिले के विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरणों के अन्वेषण की समीक्षा। अधिनियम अधीन दर्ज प्रकरणों में प्राप्त राहत हेतु, प्राप्त प्रकरणों में राहत स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा की गई। साथ ही अधिनियम अधीन दर्ज प्रकरणों के निचले एवं विशेष न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अदिति सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमन्त कुशवाह एवं संबंधित उपस्थित रहे।

# महाआर्यमन के दौरे की तैयारियां जोरों पर

**विधायक ने ली विधानसभा स्तरीय बैठक**

**बैठक में दिए गए कार्यक्रम को लेकर निर्देश**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** आगामी शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सासंद ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र एवं मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसियेशन के अध्यक्ष महा आर्यमन सिंधिया का नगर में आगमन हो रहा है, इसको लेकर भाजपा की एक विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन सोमवार का विश्राम गृह किया गया। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव द्वारा कि गई। बैठक विधानसभा के सभी 6 मंडलो के अध्यक्ष और महामंत्री,युवा मोर्चा एवं सातों मोर्चाओ के समस्त पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में महा आर्यमन के आगमन को लेकर चर्चा की गई और अभी से उनके आगमन की तैयारी शुरू करने की बात कही गई है। महा आर्यमन नगर में युवा संवाद करेगे एवं नागरिक अभिनंदन स्वीकार करेगें। साथ ही रोड शो भी करेंगे । विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि महा आर्यमन मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसियेशन के अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार नगर में आ रहे है और वह हमारे परिवार के मुखिया ज्योतिरादित्य सिंधिया के सुपुत्र भी है इसलिए क्षेत्रवासी उनके स्वागत में कोई कोर कसर नही छोड़ना है, इसी को लेकर प्रतिदिन उनकी आगमन को लेकर बैठकों का दौर जारी है और कहा कि यह महा आर्यमन अपने परिवार के बीच में आ रहे है उनके स्वागत में कोई कसर नही छोड़नी है। बैठक मे ज्ञानालय परिवार के मुखिया अर्जुन सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, मनीष मोदी, जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह परिहार, मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, अविनाश यादव, सासंद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र दांगी, अमरीश बैस, सत्यजीत सिकरवार, विक्रम यादव, सौरभ सक्सेना, इंद्रजीत यादव, ऋषि तिवारी मौजूद रहे।



# विधायक ने बच्चों को पिलाया मोरवीटा

**कुपोषण मुक्त समाज का दिया गया संदेश**

**थूबोन ग्राम के आंगनवाड़ी केंद्र पर हुआ आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम थूबोन स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 02 पर सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने स्वयं उपस्थित होकर आदिवासी कुपोषित बच्चों को मोरवीटा पाउडर पिलाया और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री यादव ने बच्चों के वजन, ऊंचाई तथा स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से ली और उन्हें बच्चों के समुचित पोषण एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न पोषण योजनाओं का उद्देश्य यही है कि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे और सभी को समान अवसरों के साथ स्वस्थ जीवन मिले। विधायक यादव ने कहा कि कुपोषण मुक्त समाज ही सशक्त भारत की नींव है। हर बच्चे का स्वस्थ और खुशहाल रहना ही हमारी प्राथमिकता है। सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी जब हम सब मिलकर पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाएँगे। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता एवं सहायिका के साथ-साथ ग्राम के जनप्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों को पौष्टिक आहार, फल एवं दूध वितरित किए गए। साथ ही महिलाओं को पोषण शिक्षा संबंधी जानकारी दी गई ताकि वे घरों में भी बच्चों के संतुलित भोजन पर ध्यान दे सकें। अंत में विधायक श्री यादव ने कहा कि क्षेत्र के हर आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण संबंधी गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किया जाएगा और कुपोषण उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास जारी रहेंगे।

### एक बार फिर चंदेरी का मॉडल स्कूल चर्चाओ में

**चंदेरी।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी का मॉडल स्कूल जो कि शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं के लिए हमेशा से सुर्खियों में रहता है, ऐसा ही विगत दिनों देखने को मिला, जहां भोपाल में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल चंदेरी द्वितीय स्थान पर रहते हुए उपविजेता बना।

आपको बता दें कि हाल ही में भोपाल में आयोजित इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें मॉडल स्कूल के प्राचार्य रामसहाय कटारे के मार्गदर्शन में (आईटी) प्रशिक्षक नीरज यादव के द्वारा प्रशिक्षण देकर विद्यार्थी खुबैद अहमद, अवनी जैन, भूमिका गुप्ता, जिनमें से अनंत सोमानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में उपविजेता का स्थान हासिल किया। बच्चों की उपलब्धि की सभी ने सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

**धर्मसभा**

## सुधासागर महाराज ने धर्मसभा को किया संबोधित

# पंच कल्याण महोत्सव के लिए नपा अपने स्तर से कर रही तैयारी : नपाध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कितना भी तूफान आ जाए कैसी भी परिस्थिति बन जाये मेरा कोई कुछ भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता, मुझे मेरे ब्रतो पर विश्वास है मेरे धर्म को कोई नहीं छीन सकता मेरे धर्म का कोई नहीं बिगाड़ सकता, तुम कौन हो श्रावक हो मैं साधु हूं अंदर आत्मा से पूछो अपने आप से मेरे से मत पूछना अपनी आत्मा से आवाज आ जाएं मेरी भावना सच्ची मेरी आत्मा सच्ची अब हम अमर भये ना मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ा सकता ऐसी स्थिति में प्रथम दृष्ट्या तुम बोलो ये कार्य क्या कर रहे साधना कर रहा हूं ये सफल होगी ये जो कार्य करने जा रहा हूं इसमें सफलता मिलेगी, ऐसा हमें विश्वास होना चाहिए उक्त आशय के उद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए ।



इसके पहले जिले की संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन ने कहा कि इस चातुर्मास का लाभ सभी नगर वासियों को मिला हर समाज का उत्साह देखते बनता था ऐसे कुछ हो गुरु ऐसा ही अच्छा वातावरण हमेशा बना रहे इसके लिए सभी को क्या करना चाहिए, उन्होंने कहा कि कलेक्टर सर के नेतृत्व में इस जिले में गुरु जी सभी कल्याणकारी योजनाओं को बहुत ही अच्छी तरह से चलाया जा रहा है

### नपा अपने स्तर पर महा महोत्सव की तैयारियां कर रही है-नपाध्यक्ष मनोरिया

इस के पहले नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि आने वाले दिनों में नगर में होने वाले श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में नगर पालिका परिषद अपने स्तर पर व्यापक तैयारियां कर रही है ये नगर अयोध्या नगरी बनेगा, तो हमें जो भी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी, परिषद उसे पूरा करने जा रही है।

# कलचुरी महिला मंडल ने किया दीपदान

**आज मनाई जाएगी सहस्त्रबाहु जयंती**

**शहर में धूमधाम से निकलेगी शोभायात्रा**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भगवान श्रीराजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जयन्ती आज मनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर भर से एक शोभायात्रा भी निकलेगी। कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल पैलेस में किया जाएगा, जहां सामाजिक गोष्ठी का आयोजन होगा। भगवान श्रीराजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती की पूर्व संध्या पर कलचुरी महिला मंडल ने तुलसी सरोवर तालाब पहुंचकर दीपदान किया।



दीपदान महोत्सव में कलचुरी महिला मंडल ने सोमवार शाम को 1001 दीपों से भगवान का पूजन एवं दीपदान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कलचुरी महिला मंडल की महिलाएं उपस्थिति रहीं। वहीं मंगलवार सुबह अग्रवाल पैलेस में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद नगर भर से एक शोभायात्रा का आयोजन होगा। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकलेगी।